आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 07.10.2024 समय: 2.10 PM

समाचार---

अमित शाह- वामपंथी बैठक

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की । बैठक में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव सहित आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना, ओडिशा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। श्री शाह ने कहा कि केंद्र सरकार मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद के खतरे को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बाइट: अमित शाह

वहीँ केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जानकारी दी है कि नरेंद्र मोदी सरकार की रणनीति के कारण, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में हिंसा में 72 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि वर्ष 2010 की तुलना में 2023 में मौतों में 86 प्रतिशत की गिरावट आई है।

प्रधानमंत्री-सार्वजनिक जीवन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक पद पर आज 23 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्ष 2001 में आज ही के दिन श्री मोदी पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे। केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के शुरू किए गए कई कल्याणकारी कार्यक्रम गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की पहल से प्रेरित हैं। 'गुजरात

मॉडल' कहे जाने वाले ये उपाय जल संरक्षण, पौधारोपण अभियान, संविधान का उत्सव मनाने, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने से संबंधित हैं।

प्रधानमंत्री ग्राम उन्नत योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के जनजातीय बाहुल्य जिलों में प्रधानमंत्री ग्राम उन्नत योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसमें जनजाति बाहुल्य आकांक्षी जिलों के गांवों में संपूर्ण विकास किया जाएगा. आदिवासी बाहुल्य उमरिया जिले को भी इस योजना में शामिल किया गया है। योजना को लेकर जिले के एक हितग्राही कमलेश सिंह ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया है।

वन स्टेट, वन हेल्थ, वन इमरजेंसी

एम्स भोपाल के निदेशक प्रोफेसर डॉ अजय सिंह ने लखनऊ में आयोजित पहले राष्ट्रीय आपातकालीन चिकित्सा और गहन देखभाल सम्मेलन में "वन स्टेट, वन हेल्थ, वन इमरजेंसी" का सिद्धांत प्रस्तुत किया। यह पहल राज्यभर में आपातकालीन देखभाल के लिए एकीकृत दृष्टिकोण पर जोर देती है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थितियों में, समन्वित प्रतिक्रिया बहुत महत्वपूर्ण होती है। हमारा 'वन स्टेट, वन हेल्थ, वन इमरजेंसी' सिद्धांत रोगियों के लिए एक सहज स्वास्थ्य सेवा अनुभव बनाने का लक्ष्य रखता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी को समय पर और प्रभावी देखभाल मिल सकें ।

महिला क्रिकेट

महिला टी-20 क्रिकेट विश्व कप में आज शाम ग्रुप-बी के मैच में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच शारशाह में मुकबला होगा। ये मैच भारतीय समयानुसार शाम साढे सात बजे शुरू होगा। उधर,

भारतीय महिला टीम ने कल दुबई में पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जाने की उम्मीदों को बरकरार रखा। अब भारतीय टीम का अगला मैच बुधवार को श्रीलंका से और रविवार को विश्व विजेता ऑस्ट्रेलिया से होगा।

समाचार संक्षेप में...

1. शिवपुरी जिले में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 8 अक्टूबर तक मध निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नौहरी कला में गीत एवं नाटक के माध्यम से ग्राम वासियों को नशा मुक्ति को लेकर जागरूक किया गया।

2. नर्मदापुरम में सामाजिक न्याय और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय मास्टर वॉलिंटियर्स का प्रशिक्षण तथा शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले भर के 50 वॉलिंटियर्स ने हिस्सा लिया ।

3. गुना में कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया ।

4. आगरमालवा के पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किये गये बेहतर प्रदर्शन से महिला कैटेगरी की कबड्डी प्रतियोगिता में पूजा राठौर, उमा विश्वकर्मा तथा टिया डांगी का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ।

नमस्कार